प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार''

- देशभर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री ने कहा– राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश में किए गए कई सुधार।
- प्रदेश में भी रही स्वतंत्रता दिवस की धूम–राज्यपाल ने आज़ादी के संघर्ष में वीर सपूतों के बलिदान को किया याद।
- मुख्यमंत्री का ऐलान– 75 वर्ष की आयु पूरा कर चुके पैंशनरों को इसी वित्त वर्ष में दिया जाएगा पूरा एरियर।
- राज्य पटवारी व कानूनगो संघ ने मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद काम पर लौटने का लिया निर्णय।

प्रधानमंत्री

देशभर में 78वां स्वतंत्रता दिवस आज धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसी राजनीतिक मजबूरी के कारण नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के एक सौ 40 करोड़ नागरिक यदि कंधे से कंधा मिलाकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को जोड़ रहे है जिसके चलते हम विश्व में एक नई ताकत बनकर उभरे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद वर्षों तक शोषित और वंचित रहे लोगों तक केंद्र सरकार के प्रयासों से सुविधाएं पहुंचाई गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रति व्यक्ति आय दोगुना करने में सफल रही है और विदेशी मुद्रा भण्डार भी पहले के मुकाबले दोगुना हुआ है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत के लिए श्रम शक्ति उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे प्रयास कर रही है कि देशवासियों को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा इसके अलावा दुनिया में हो रहे बदलाव को देखते हुए सरकार स्किल डवेलपमेंट पर विशेष बल दे रही है।

राज्यपाल

इधर प्रदेश में भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला स्थित राजभवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी मौजूद रहीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और सभी की सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और वीर सपूतों के संघर्ष ने हमें आजादी दिलाई है। राज्यपाल ने आने वाले वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के साथ–साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ''एक बूटा मां के नाम'' अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

स्वतंत्रता दिवस

हिमाचल प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्यस्तरीय समारोह कांगड़ा जिला के देहरा में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि प्रदेश में 75 वर्ष की आयु पूरा कर चुके सभी पैंशनरों को इसी वित्त वर्ष में पूरा एरियर दिया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों और कर्मचारियों की देनदारियों को भी चरणबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने देहरा में विद्युत बोर्ड और जलशक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद सरकार ने कर्मचारियों के हित में कई फैसले लिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश को एक वर्ष में दो हजार 2 सौ करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है।

इस बीच मुख्यमंत्री ने देहरा में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत वाली 5 नई सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

अन्य समारोह

प्रदेश के अन्य जिलों में भी 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोलन में समारोह की अध्यक्षता की। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश को आर्थिक रूप से मज़बूत करने के लिए व्यापक कदम उठा रही है और इसमें जनता का सहयोग भी जरूरी है। स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री धनी राम शांडिल ने हमीरपुर में हुए समारोह में कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हमारे कई वीर सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिए हैं। कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने ऊना में जिला स्तरीय समारोह में कहा कि किसानों की आय बढ़ाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में कई निर्णायक कदम उठाए गए हैं। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने केलंग में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों का एक समान विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिकांगपियों में स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने आजादी के संघर्ष में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया।

अन्य समारोह––2

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चम्बा में जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने देश की रक्षा की खातिर शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने नाहन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को नशे के दल–दल से बाहर ला कर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। कुल्लू में आयोजित समारोह में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ध्वजारोहण किया और शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मंडी जबकि आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बिलासपुर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

भाजपा

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में ध्वाजारोहण किया। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने लाल किले की प्राचीर से 11वीं बार तिरंगा झंडा फहराये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। वहीं पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत बनाने को जो रास्ता दिखाया है। उस पर चलकर वर्ष 2047 तक भारत को विश्व शक्ति बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा।

दूसरी ओर कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

उच्च न्यायालय

शिमला स्थित प्रदेश उच्च न्यायालय परिसर में भी स्वतंत्रता दिवस उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचन्द्र राव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। आकाशवाणी केंद्र शिमला परिसर में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र शिमला के क्लस्टर हैड गुरविंदर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

ऐट होम

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में ऐट होम का आयोजन किया। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. रामचन्द्र राव, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर समेत कई अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ आज देहरा में हुई बैठक के बाद प्रदेश पटवारी व कानूनगो संघ ने काम पर लौटने का निर्णय लिया है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी जायज़ मांगों का सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों को पेश आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सरकार एक मिशन मोड पर कार्य कर रही है और इसमें पटवारी व कानूनगो की बेहद अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने ये भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पटवारी व कानूनगो की सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने कृषि व पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने पर बल दिया है। ऊना जिले में कुटलैहड़ क्षेत्र के थानाखास में निर्माणाधीन गोकुलधाम व गौ–अभ्यारण्य के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में हिमगंगा योजना के माध्यम से दूध आधारित कारोबार की व्यवस्था को विकसित करने का काम कर रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को प्राकृतिक खेती को स्वरोजगार का माध्यम बनाने को लेकर भी प्रोत्साहन दे रही है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शारीरिक शिक्षकों व कला अध्यापकों सहित अन्य श्रेणी के अध्यापकों के पदों को जल्द भरा जाएगा। चम्बा में एक स्वयंसेवी संस्था के रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। रोहित ठाकुर ने कहा कि आकांक्षी जिला

चम्बा को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है और जिले के शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एस.एम.सी. शिक्षकों को भी चरणबद्ध तरीके से विभाग में समायोजित किया जाएगा।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- देशभर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री ने कहा– राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश में किए गए कई सुधार।
- प्रदेश में भी रही स्वतंत्रता दिवस की धूम–राज्यपाल ने आज़ादी के संघर्ष में वीर सपूतों के बलिदान को किया याद।
- मुख्यमंत्री का ऐलान– 75 वर्ष की आयु पूरा कर चुके पैंशनरों को इसी वित्त वर्ष में दिया जाएगा पूरा एरियर।
- राज्य पटवारी व कानूनगो संघ ने मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद काम पर लौटने का लिया निर्णय।